



# एमपी हाई स्कूल बोर्ड में जिले के छात्रों ने रचा इतिहास

## 14 छात्रों ने प्रदेश के टॉप 10 में बनाया स्थान

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। पन्ना जिला जिसे दुनिया भर में हीरों की नगरी के नाम से जाना जाता है, आज शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी अद्वितीय चमक से पूरे प्रदेश को चकाचौंध कर चुका है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में पन्ना जिले के 14 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट की टॉप 10 सूची में अपना कब्जा जमाकर पन्ना जिले का नाम रोशन किया है।**

घोषित परीक्षा परिणाम में पन्ना जिले का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 75.78 प्रतिशत तथा हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 77.94 प्रतिशत रहा। हासिल जानकारी के अनुसार गुनौर की बेटी



कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रदेश की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया इतिहास रच दिया है। प्रतिभा ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर 99.8 प्रतिशत के साथ पूरे मध्य प्रदेश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। यह पन्ना जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि इस बार टॉप-10 की सूची में जिले के कुल 14 होनहार छात्रों ने अपना नाम दर्ज कराया है। इस गौरवशाली सफलता में अर्जुन सिंह राजपूत ने 497 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि प्रियंका यादव और उदय मिश्रा ने 496 अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल किया है। इसी क्रम में विधान त्रिपाठी और हर्ष त्रिपाठी ने छठा, आयुष तिवारी ने सातवां, नमन मिश्रा और आदित्य सोनी ने आठवां स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। वहीं नमन शुक्ला और नेहा प्रजापति नौवें स्थान पर रहे, जबकि प्रिंस सिंह राजपूत, अमर सिंह लोधी



और अवध बिहारी चौहान ने दसवें स्थान पर रहकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश टॉपर प्रतिभा सिंह सोलंकी सुपुत्री भारतेंदु सिंह सोलंकी ने अपनी अंकसूची से सबको चकित कर दिया है। उन्होंने हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे कठिन विषयों में 100 में से 100 अंक अर्जित किए हैं, जबकि अंग्रेजी में उन्हें 99 अंक प्राप्त हुए हैं। यह असाधारण सफलता उनकी एकाग्रता, निरंतर कठिन परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का जीवंत परिणाम है।

### गुनौर का प्रदेश की मेरिट सूची में दबदबा, 8 छात्रों ने मेरिट सूची में पाया स्थान

इस वर्ष के परिणामों ने गुनौर तहसील को पूरे प्रदेश में शिक्षा के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। विशेष रूप से सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल, गुनौर के प्राचार्य और शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि एक ही शिक्षण संस्थान से कुल 8 छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में अपनी जगह सुरक्षित की है। यह पन्ना जिले के लिए एक अत्यंत गौरवशाली क्षण है, जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद और दिशा सही हो, तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं होता।

### दो छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में बनाया स्थान


हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम भी आज घोषित हुआ जिसमें दो छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है जिसमें काजल द्विवेदी पिता विजय कुमार द्विवेदी कला संकाय से 8वां स्थान तथा नंद किशोर पटेल पिता ब्रज किशोर पटेल ने विज्ञान एवं गणित संकाय से 10वां स्थान प्राप्त किया है।

# शाहनगर रेंज में महत्वपूर्ण शिकारी पक्षियों का सुंदर दृश्यांकन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में वनरक्षक उदयभान सिंह द्वारा दो आकर्षक एवं पारिस्थितिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पक्षियों, क्रेस्टेड हनी बज़र्ड तथा ब्लैक-विंग्ड काइट, का सफल अवलोकन एवं फोटोग्राफी की गई। क्रेस्टेड हनी बज़र्ड एक विशिष्ट शिकारी पक्षी है, जो मुख्यत: मधुमक्खियों एवं ततैयों के छत्तों को खोजकर उनका भोजन करता है।**

इसकी मजबूत चोंच एवं विशेष रूप से अनुकूलित सिर इसे डंक से बचाते हैं। यह पक्षी जंगलों के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण सूचक माना जाता है, क्योंकि इसकी उपस्थिति से परागण करने वाले कीटों तथा प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला का संतुलन बना रहता है। यह प्रजाति प्राय: घने वन क्षेत्रों में पाई जाती है, जिससे शाहनगर क्षेत्र की वन संपदा की गुणवत्ता का भी संकेत मिलता है। ब्लैक-विंग्ड काइट अपनी विशिष्ट



हॉवरिंग क्षमता के लिए जानी जाती है, जिसमें यह एक ही स्थान पर हवा में स्थिर रहकर शिकार पर नजर रखती है। यह मुख्यत: छोटे कृन्तकों एवं कीटों का शिकार कर कृषि तथा प्राकृतिक पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खुले घास के मैदानों एवं खेतों के आसपास इसकी उपस्थिति किसानों के लिए भी लाभकारी मानी जाती है। इन दोनों पक्षियों का एक ही क्षेत्र में देखा जाना दक्षिण पन्ना के विविध आवासों, जैसे वन एवं खुली भूमि, की समृद्धता को दर्शाता है।

# एसपी के विरुद्ध स्थानांतरण की मांग अनुचित

## जन आंदोलन की चेतावनी दी

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी ने हाल ही में पन्ना जिले की कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के स्थानांतरण की उठ रही मांग पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में ज्ञापन देना और अपनी मांग रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन बिना किसी निष्पक्ष जांच के एक आईपीएस अधिकारी के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाना और उन्हें पद से हटाने की मांग करना न्याय संगत नहीं है। श्री तिवारी ने विशेष रूप से उन बयानों की निंदा की जिनमें एसपी की ट्रेनिंग पर सवाल उठाए गए हैं, उन्होंने इसे पूरी तरह से अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। श्री तिवारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं और उनकी न्यायप्रिय छवि की सराहना जिले के विभिन्न वर्गों द्वारा की जा रही है। उन्होंने तर्क दिया कि किसी भी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सीधे कटाक्ष करना न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि ईमानदार अधिकारियों के मनोबल पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। पीड़ित पक्ष के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि यदि उनके साथ कोई अन्याय हुआ है, तो संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि पुलिस की जांच से संतुष्टि न हो, तो मजिस्ट्रियल जांच की मांग की जानी चाहिए, किंतु जांच प्रक्रिया पूरी हुए बिना सीधे स्थानांतरण की जिद करना उचित नहीं है। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना किसी निष्पक्ष जांच के पुलिस अधीक्षक को हटाया गया, तो संगठन इसके विरोध में बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगा। इस विषय पर जल्द ही संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक से मिलकर अपना पक्ष रखेगा।


# कलेक्टोरेट में मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। पन्ना जिले के 14 मेधावी छात्रों ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में कब्जा कर पन्ना जिले में इतिहास रचते हुये जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, कलेक्टर पन्ना श्रीमति ऊषा परमार ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिसके बाद एक-एक कर




मेधावी विद्यार्थियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर उषा राजे परमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यार्थियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्रतिभा सिंह सोलंकी (ग्राम हिनोती, गुनौर) 499 अंक (प्रदेश में प्रथम), अर्जुन सिंह राजपूत (गुनौर), 497 अंक (तृतीय), प्रियंका यादव (अजयगढ़) 496 अंक (चतुर्थ), उदय मिश्रा (गुनौर) 496 अंक (चतुर्थ), विधान त्रिपाठी (गुनौर) 494 अंक (छठा), हर्ष त्रिपाठी (गुनौर) 494 अंक (छठा), आयुष तिवारी (गुनौर) 493 अंक (सातवां), नमन मिश्रा (गुनौर) 492 अंक (आठवां), आदित्य सोनी (पहाड़ी खेरा) 492 अंक (आठवां), नमन शुक्ला (बड़ागांव) 491 अंक (नौवां), नेहा प्रजापति (गुनौर) 491 अंक (नौवां), प्रिंस सिंह राजपूत (गुनौर) 490 अंक (दसवां), अमर सिंह लोधी (पन्ना) 490 अंक (दसवां), अवध बिहारी चौहान (गुनौर) 490 अंक (दसवां)। 12वीं में भी पन्ना का उत्कृष्ट प्रदर्शन काजल द्विवेदी 482 अंक प्राप्त कर कला वर्ग में प्रदेश में 8वां स्थान हासिल किया, वहीं नंदकिशोर पटेल (गुनौर) ने गणित विषय में प्रदेश स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि पन्ना जिले के छात्र हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।इस वर्ष की मेरिट सूची में खास बात यह रही कि अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण अंचल सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।



# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक हुई

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। रेडक्रॉस सोसायटी की शाखा जिला रेडक्रॉस सोसायटी पन्ना की समीक्षा बैठक आज डॉ श्याम सिंह कुमरे (प्रदेश अध्यक्ष, रेडक्रॉस सोसायटी) की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

बैठक में जिले में रेड क्रास सोसाइटी के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर पन्ना श्रीमति उषा परमार, सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी तिवारी, जिला रेडक्रॉस सोसायटी पन्ना के सचिव डॉ नीरज जैन सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के संचालन, महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियो के साथ सिकल सेल एवं एनीमिया से पीड़ित मरीजों की सहायता, क्षय रोगियों के लिए पोषण सहयोग, जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों की सहायता, तथा आपदा मित्र तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविरों के आयोजन की जानकारी भी प्रस्तुत की गई तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

# बजरंग दल ने पकड़ा 23 नग गौवंश बैल से भरा ट्रक

## किया पुलिस के हवाले, श्री विद्यासागर गौ रक्षा संवर्धन गौशाला में सुरक्षित छोड़ा गया

नवभारत न्यूज

**पवई 15 अप्रैल। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सलेहा पवई मार्ग पर टेढ़ी वर्दी के पास एक गौवंश;बैलद्ध से भरे ट्रक को पकड़ने का मामला सामने आया है।**

बता दें कि बीती रात्रि लगभग एक बजे सलेहा से एक आयशर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पी यू 5289 पवई की ओर आ रहा था। जिसमें गौवंश होने की जानकारी बजरंग दल गुनौर के कार्यकर्ताओं ने पवई बजरंग दल के शिवम् पांडे को दीएजिस पर जानकारी लगते ही शिवम पांडे और अंशुल नगायच रात्रि लगभग एक बजे सलेहा रोड जगनपुरा के आगे टेढ़ी वर्दी पहुंचेएइनको देखते ही ट्रक ड्राइवर पीछे लगी स्विफ्ट में ट्रक को बंद कर छोड़कर भाग निकलाए बजरंग दल कार्यकर्ता के द्वारा इसकी जानकारी तुरंत पवई पुलिस को दी गई जिस पर



रात्रि गस्त पर रहे ए एस आई आनंद मोहन मिश्रा दल बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लियाए और ड्राइवर की तलाश की पर वह भाग निकलाएइसके बाद बुधवार को सुबह मैकेनिक की सहायता से ट्रक को चालू कर ले जाकर सभी 23 नग गौवंश ;बैलद्ध को पवई से 8 किलोमीटर दूर श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौशदन की गौशाला में सुरक्षित छोड़ दिया गयाएजहां पशु चिकित्सक के द्वारा उनकी जांच की गई एवं घायल पशुओं का इलाज किया गया। इस दौरान बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शिवम पांडे भी मौजूद रहे उन्होंने पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा की और कहा की पुलिस के सहयोग से हम गौवंश को सुरक्षित बचाने में सफल रहे। घटना की जानकारी उप निरीक्षक सरिता तिवारी के द्वारा दी गई । इस दौरान आरक्षक प्रेम नारायण प्रजापति मनोज अहिरवार, चालक नागेन्द्र माझी मौजूद रहे।

# प्रगति का शुयश



सलेहा, 15 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी किए गए परिक्षा परिणाम में सलेहा निवासी धर्मेंद्र सिंह की पुत्री प्रगति सिंह द्वारा सैंट मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल सलेहा में अध्ययनरत होकर कक्षा 10 में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर प्रगति सिंह के परिजनों सहित विधालय परिवार द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कृत्य के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में शादी का झाँसा देकर पीड़िता के साथ गलत काम (दुष्कर्म) करने वाले आरोपी को सूचना मिलने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है।**

पुलिस द्वारा प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार 13 अप्रेल को फरियादिया द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरे गाँव में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा करीब 06 वर्ष से लगातार मुझे शादी का झाँसा देकर मेरे साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया गया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में आरोपी के विरूद्ध धारा-69 बीएनएस कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस



टीम द्वारा मामले के आरोपी को थाने में सूचना प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत, सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्रआर. शिवम शर्मा, म.प्रआर. जानकी, कल्पना, आरक्षक अखिलेश पाल एवं इन्द्रपाल यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम टिकरिया में लगाया गया समाधान योजना कैंप

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रेल। म.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही समाधान योजना के अंतर्गत म.प्र.पू. क्षे. वि. वि.कंपनी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार निकोसे वृत्त पन्ना एवं कार्यपालन अभियंता पवई एस.के. गेडाम के निर्देशन मे वितरण केंद्र शाहनगर के अंतर्गत ग्राम टिकरिया में समाधान योजना हेतु कैम्प लगाया गया।**

जिसमें जे. ई. शाहनगर अजय प्रजापति द्वारा आम लोगों को समझाइश देते हुए शिविर में उपस्थित सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को समाधान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह भी बताया गया कि इस योजना के द्वितीय चरण की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 15 मई 2026 तक कर दी गई है जिससे अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिल सके साथ ही कैंप में 31 उपभोक्ताओं के द्वारा इस योजना का भी लाभ लिया गया है। साथ ही ग्राम टिकरिया में 12 बड़े बकायादारों के विरुद्ध विद्युत कनेक्शन विच्छेदीत कर उन पर विद्युत चोरी के प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# जनगणना-2026 मोबाइल और कंप्यूटर से 16 से 30 तक

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। जिले में डिजिटल जनगणना का बहुप्रतीक्षित चरण अब शुरू होने जा रहा है। नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमेरेशन) की सुविधा कल यानी 16 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके तहत लोग घर बैठे ही अपने परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।**

यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। शासन द्वारा जनगणना को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए विशेष पोर्टल तैयार किया गया है, जहां नागरिक खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना की इस नई व्यवस्था से अब लोगों को प्रगणक के घर आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से जानकारी भर सकेंगे। जानकारी सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद उन्हें एक यूनिक सेल्फ एन्यूमेरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी होगा।

# मंदिरों की सुरक्षा ताक पर, होमगार्ड सैनिक अधिकारियों की गाड़ी एवं बंगलों के गेट खोलने में तैनात

## नगर पालिका कर्मचारियों एवं होमगार्ड सैनिकों की नियम विरुद्ध सेवाएं बंगलों में, रिकॉर्ड में तैनाती कहीं और वास्तविक तैनाती बंगलों में

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 अप्रैल। पवित्र नगरी पन्ना में एतिहासिक मंदिर है जहां की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है यदि देखा जाये तो एकमात्र युगल किशोर जी मंदिर में एक सैनिक दिन में और एक सैनिक रात्रि में ड्यूटी में तैनात रहते हैं। शेष मंदिरों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। पता चला है कि स्वीकृत से लगभग आधे सैनिक पदस्थ है लेकिन अधिकारियों को बगैर होमगार्ड सैनिक के रूतबा नही बनता।**

होमगार्ड सैनिकों की इतनी कमी के बावजूद अधिकारियों के बंगलों एवं गाड़ियों में प्रथक प्रथक गेट खोलने के लिए होमगार्ड सैनिक जरूर तैनात हैं। उन्हें कभी नहीं हटाया जाता है। मंदिरों एवं नगर की सुरक्षा भले ही खतरे में पड जाये क्योंकि अब अधिकारियों के लिए होमगार्ड सैनिकों के लिए गाड़ियों एवं बंगलों में तैनाती स्टेटस सेम्बल बन चुकी है जो कि उनके बंगलों की रखवाली के साथ साथ बागवानी की देखभाल एवं मेम साहिबों के हुक्म का पालन करने के साथ ही साग सब्जी लाना से लेकर बाजार हॉट तक की जबाबदारियां पूरी कर रहे हैं। विभाग भी चूंकि बंगलों एवं गाडियों में कुछ बडे अधिकारियों को छोड़कर कहीं ऐसा कोई प्रावधान नहीं होने के कारण रिकार्ड में तैनाती कहीं और दिखाई जाती है ओर सेवा बंगलों एवं गाड़ियों में ली जा रही है। सैनिक वर्षों से साहबों की जी हजूरी कर रहे है। यही नहीं अब तो वे अधिकारियों के बंगलों में बतौर माली की तरह उनके बंगलों के गार्डन की सिंचाई एवं पेड़ों की सेवा के साथ ही जब भी अधिकारी अपनी गाड़ी पर बैठकर आफिस जाने को तैयार होते हैं तो वे साहब के लिए गेट खोलते हैं और फिर पीछे की सीट पर बैठकर पूरे दिन उनकी सेवा के लिए तत्पर रहते हैं यानी जितने बार साहब उतरते बैठते हैं उतने बार साहब गेट तक गाड़ी खोलना अपनी इज्जत के खिलाफ समझते हैं यह सेवा होमगार्ड ही संभालते हैं यही नहीं बाजार से सब्जी आदि लाने के लिए भी उन्ही का अधिकतर उपयोग होता है। होमगार्ड सैनिक सुरक्षा के लिये तैनात किये गए है।

**ये हैं होमगार्ड के लिये सेवा नियम-** होमगार्ड सेवा नियम के मुताबिक प्रत्येक नगर सैनिक को भोजन और रहने की सुविधा मुफ्त की गई है उसे स्थाई आदेशों के अनुसार वेतनमान एवं आदेशों के नियमों के मुताबिक अपना रहन-सहना, आचरण व अन्य व्यवहार अपनाना होगा। संचित सेवा में दर्ज किए गए नगर सैनिक के लिये प्रतिवर्ष अधिक से अधिक दो सप्ताह के लिये वार्षिक शिक्षण शिविर में उपस्थित होकर शिक्षण क्रम में भाग लेना तथा जितने समय के लिये वार्षिक शिक्षण शिविर में भाग लेगा, उसे सारी सुविधाएं पाने का अधिकार रहेगा। इसके अलावा शिविर में प्रारंभिक शिक्षण के मुताबिक उसे अनुशासनबद्ध रहना होगा। नियम तीन के उपनियम 1 के मुताबिक नंबर एक और नंबर दो के पदाधिकारियों को छोड़कर हर सैनिक का नगर सैनिक की हैसियत से कानून की धारा सात की उपधारा 2 के अनुसार काम करते रहने की अवधि तक प्रति सप्ताह चार घंटे के हिसाब से ड्यूटी पर हाजिर रहना पड़ेगा। इस ड्यूटी के दौरान जैसी कवायदें करनी पड़ेगी वैसी शिक्षा प्राप्त करनी पड़ेगी। साथ ही पुलिस के वे सभी कार्य करने होंगे जिसके लिये उसे आदेश दिए जाएंगे। जब तक नगर सैनिक उपर्युक्त ड्यूटी पर रहेगा तब तक स्थाई आदेशों में बनाए हुए अनुशासन का पालन करना होगा।

**नगरपालिका कर्मी बने फुटबाल कोई इधर गिरा कोई उधर गिरा:-**यही हाल नगरपालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों एवं सफाइकर्मियों का है जिनकी तैनाती रिकार्ड में कहीं और वास्तव में वे अधिकारियों के बंगलों एवं नगरपालिका के चुने कुछ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बंगलों में सेवा खुशामद में रहते हैं।

### होमगार्ड सैनिकों का कर्तव्य

नियम 9 के उप नियम 1 के अनुसार नगर सैनिकों को जिला कलेक्टर के सामान्य विशेष आज्ञाओं पर कोई भी ड्यूटी करना होगा। नियमानुसार जुर्मो की रोकथाम करना, जान माल की रक्षा करना, सूचनाएं प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों तक प्रेषित करना, आम दफ्तर में नियंत्रण, दंगों को दबाना, झूठी अफ्वाहों के फैलाव की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों के पास करके उसे रोकना मेला व बड़ी सभाओं में भीड़ को काबू में करना, दंगों या तोड़ फोड़ की हरकतों पर रोक लगाना एवं आगजनी की घटनाओं में आग बुझाने वाले स्थाई सेवादलों की मदद करना, होमगार्ड सैनिकों के कर्तव्य में शामिल किया गया है।

### नियम विरुद्ध है बंगलों एवं गाड़ियों मे तैनाती

होमगार्ड सैनिकों की पदस्थापना के मामले में नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। नियमानुसार होमगार्ड सैनिक की पदस्थापना आंतरिक या बाहरी खतरे के मद्देनजर सुरक्षा के लिए या फिर आपात स्थिति में जनसेवा के लिए की जा सकती है। सुरक्षा या जन सेवा के लिहाज से ड्यूटी करने वाले होमगार्ड सैनिकों की संख्या कम है। अधिकांश होम गार्ड सैनिक सुरक्षा की बजाय अफसरों के बंगलों में सब्जी पहुंचाने से लेकर बीबी, बच्चों की सेवा में अपना समय गुजार रहे है। यही नहीं कुछ अधिकारियों के बंगलों में वे माली की तरह बगीचे की देखभाल भी करते है। नियमानुसार होमगार्ड सैनिकों के पदस्थापना के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा लिखित आदेश दिया जाना चाहिये।